Regarding need to make the provision to bring back the mortal remains of the deceased workers to their home state under Ayushman Bharat Scheme-Laid

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) : मैं माननीय स्वास्थ मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के हजारों लोग अपने रोजी रोटी के लिए गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आँध्रप्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों में काम करने जाते हैं हैं परन्तु ईश्वर न करे जब वहां उनकी मृत्यु हो जाती है तो उनका पार्थिव शरीर गृह स्थान लाने के लिए अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बहुत ज्यादा अर्थ भी खर्च होता है, ऐसी दुःख की परिस्थिति में उनका परिवार यह खर्च वहां करने की स्थिति में नहीं होता है! माननीय प्रधानमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना "आयुष्मान भारत" देश के करोड़ों लोगों के स्वास्थ उपचार हेतु वरदान सिद्ध हो रही है, जिसके अंतर्गत 5 लाख तक का उपचार वर्ष भर में मुफ्त होता है । मैं माननीय स्वास्थ मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इस हेतु कोई योजना बनाई जाय अथवा आयुष्मान भारत योजना में ही इसे भी सम्मिलित किया जाय ताकि श्रमिकों का पार्थिव शरीर सम्मान सहित उनके घर तक पहुंचाया जा सके ।